BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

Class - 8

Subject : HINDI GRAMMAR

पाठ – 10 संज्ञा विकार – वचन

1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें एवं याद करें –

क. वचन किसे कहते हैं?

उत्तर किसी वस्तु या प्राणी की संख्या का बोध कराने वाले शब्द वचन कहलाते हैं।

ख. वचन के कितने भेद होते हैं? नाम लिखिए।

उत्तर वचन के दो भेद होते हैं –

1. एकवचन
2. बहुवचन

ग. एकवचन व बहुवचन की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

उत्तर संज्ञा के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं।

जैसे – लड़का, नाव, कमीज, चिड़िया, कलम आदि।

संज्ञा के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं।

जैसे – लड़के, नावें, कमीजें, चिड़ियाँ, कलमें

BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

Class - 8

Subject : HINDI GRAMMAR

पाठ – 11 संज्ञा विकार – कारक

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर याद कर लिखें।

क. कारक की परिभाषा लिखें।

उत्तर संज्ञा या सर्वनाम का संबंध क्रिया से स्पष्ट करने वाले शब्द चिह्नों को कारक कहा जाता है।

ख. कारक के भेदों का नाम चिह्न सहित लिखें।

उत्तर कारक के आठ भेद होते हैं –

1. कर्ता कारक – ने
2. कर्म कारक – को
3. करण कारक – से, के द्वारा
4. संप्रदान कारक – को, के लिए
5. अपादान कारक – से
6. संबंध कारक – का, की, के, रा, री, रे
7. अधिकरण कारक – में, पर
8. संबोधन कारक – हे! अरे!

BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

Class - 8

Subject : HINDI GRAMMAR

पाठ – 12 सर्वनाम

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर याद कर लिखें।

क. सर्वनाम किसे कहते हैं?

उत्तर संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

ख. सर्वनाम के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखिए।

उत्तर सर्वनाम के छह भेद होते हैं।

उनके भेदों के नाम निम्नलिखित हैं –

1. पुरूषवाचक सर्वनाम
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. प्रश्नवाचक सर्वनाम
5. संबंधवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम